Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to rename Bairgania railway station on Sitamarhi-Raxaul railway section in Bihar after Bansi Sah of Sitamarhi, popularly known as Banshi chacha, freedom fighter and social worker

श्रीमती रमा देवी (शिवहर) ः 1997 में मेरे संसदीय क्षेत्र अंतर्गत बागमती नदी पर सीतामढ़ी तथा वैरगनिया को जोड़ने वाले पुल एवं सड़क निर्माण हेतु जनहित में संघऐऩ करते हुए समाजसेवी एवं स्वतंत्रता सेनानी वंशी साह उर्फ वंशी चाचा ने आत्मदाह किया था। स्वर्गीय वंशी चाचा एक निर्भीक, कर्मठ, उत्साही, समाजसेवी और देशभक्त थे। उन्होंने 1942 में अंग्रेजों भारत छोड़ों आन्दोलन में सक्रिय रूप से भाग लिया तथा इनको प्राप्त स्वतंत्रता सेनानी पेंशन की रकम को देश के सुरक्षा कोऐ में दान देते थे। उन्होंने इस क्षेत्र के विकास, लोगों की भलाई के अनेक काम किए हैं जिससे मेरे संसदीय क्षेत्र के साथ-साथ इसके आस-पास के इलाके के हर तबके में इनका नाम आदर के साथ लिया जाता है।

मेरी सरकार से मांग है कि मेरे संसदीय क्षेत्र के लोगों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए पूर्व-मध्य रेलवे जोन अंतर्गत सीतामढ़ी-रक्सौल रेल खंड पर अवस्थित आदर्श रेलवे स्टेशन वैरगनिया का नाम बदलकर वंशी चाचा रेलवे स्टेशन रखने के साथ इनके शहीदी दिवस पर सरकारी अवकाश घोऐित किया जाए।